अनुस्मारक / अतितत्काल

सं. ई–25013 / 2 / 2017–हिंदी /1169

भारत सरकारजल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय
केंद्रीय जल आयोग

कमरा सं. 906(द.), सेवा भवन,
आर के पुरम, नई दिल्ली
दिनांक 02अगस्त, 2017

सेवा में,

1. अधीनस्थ कार्यालयों के सभी मुख्य अभियंता कार्यालय, परिमंडल / मंडल / प्रबोधन / मूल्यांकन निदेशालय, केन्द्रीय जल आयोग
2. सभी शाखा अधिकारी , समन्वय निदेशालय / सभी निदेशालय (मुख्यालय), केन्द्रीय जल आयोग

**विषय : केन्द्रीय जल आयोग के मुख्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए राजभाषा शील्ड योजना (वर्ष 2016–2017) ।**

जैसा कि विदित है के. ज. आ. के अधीनस्थ कार्यालयों और मुख्यालय के निदेशालयों / अनुभागों को संघ की राजभाषा नीति के बेहतर अनुपालन करने पर दिनांक **01 सितम्बर से 14 सितम्बर, 2017 तक आयोजित किए जाने वाले हिंदी पखवाड़ा के दौरान राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया जाना है।** यह निर्णय लिया गया है कि मुख्य अभियंता कार्यालय, परिमंडल, मंडल, प्रबोधन–मूल्यांकन निदेशालयों और मुख्यालय के अनुभागों तथा निदेशालयों से जून, सितम्बर, दिसम्बर, 2016 और मार्च, 2017 की चारों तिमाहियों की रिपोर्टें मंगाई जाएं और उनके मूल्यांकन के आधार पर शील्ड प्रदान की जाएं।

इस बारे में विशेष उल्लेख किया जाता है कि मुख्यालय के अनुभागों की रिपोर्टें हर तिमाही में प्राप्त हो जाती है। मुख्यालय के निदेशालयों की सूचना उनके समन्वय निदेशालयों द्वारा समेकित करके भेजी जानी है। अतः सभी निदेशालय अपनी चारों तिमाहियों की फोटोप्रति हिन्दी अनुभाग को भेजें।

(क) इसी प्रकार अधीनस्थ परिमंडलों / मंडलों / प्रबोधन / मूल्यांकन कार्यालयों की रिपोर्टें मुख्य अभियंता कार्यालय द्वारा समेकित करके भेजी जाती हैं। अतः सभी अधीनस्थ कार्यालय मार्च, 2015 की रिपोर्टें के साथ भाग– II की सूचना सीधे मुख्यालय के हिन्दी अनुभाग को भी भेजने की कृपा करें।

(ख) जिन कार्यालयों की सूचना उनके मुख्य अभियंता कार्यालयों द्वारा समेकित करके नहीं भेजी जा रही हैं वे अपने कार्यालय की जून, सितम्बर, दिसम्बर, 2016 और मार्च, 2017 (भाग–I और भाग– II ) की चारों तिमाहियों की प्रतियां मुख्यालय के हिन्दी अनुभाग को भेज दें।

**चूंकि, इस वर्ष हिंदी पखवाड़ा का आयोजन 01–14 सितम्बर, 2017 तक किया जा रहा है इसलिए सभी संबंधितों से अनुरोध है कि अपेक्षित रिपोर्टें 07 अगस्त, 2017 तक अवश्य भेजने का कष्ट करें। इसके पश्चात् प्राप्त होने वाले प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा।**

भवदीया

2/8/17

(रजिन्दर पाल)
सहायक निदेशक(रा.भा.)
दूरभाष : 011 29583720

एस. एम. डी.
अनु./Sec./निदे./Dir.
डा. सं./Dy. No. 251
दिनांक/Date 9/8/17 8/8

DD-IT, SMD
कृपया हिन्दी पखवाड़ा पोर्टल पर अपलोड करें।
9/8/17